वो लाल लंगोटे वाला,
माता अंजनी का लाला,
भक्तों के कष्ट मिटाए,
विपदा को दूर भगाए,
ऐसा तो सालासर वाला है,
भक्तो का रखवाला है।।

तर्ज ये बंधन तो।

सालासर में देखो,
भवन बना है भारी,
सोने और चांदी की,
चमक अनोखी न्यारी,
मंदिर की छटा निराली,
सुध बुध खो देने वाली,
मंदिर की छटा निराली,
सुध बुध खो देने वाली,
ऐसा तो सालासर वाला है,
भक्तो का रखवाला है।।

सुन्दरकाण्ड करे जो,
हनुमत खुश हो जाए,
उन पर किरपा है जो,
हनुमान चालीसा गाये,
नित पाठ करे जो इनका,

ये ध्यान रखे है उनका,
नित पाठ करे जो इनका,
ये ध्यान रखे है उनका,
ऐसा तो सालासर वाला है,
भक्तो का रखवाला है।।

छोड़ो दुनियादारी,
मोह माया को त्यागो,
भक्त शिरोमणि है ये,
भक्ति का वर मांगो,
बिन्नू भक्ति मिल जाए,
रस्ता रोशन हो जाए,
बिन्नू भक्ति मिल जाए,
रस्ता रोशन हो जाए,
ऐसा तो सालासर वाला है,
भक्तो का रखवाला है।।

वो लाल लंगोटे वाला,
माता अंजनी का लाला,
भक्तों के कष्ट मिटाए,
विपदा को दूर भगाए,
ऐसा तो सालासर वाला है,
भक्तो का रखवाला है।।

Singer Sanjay Mittal Ji

Source: https://www.bharattemples.com/vo-lal-langote-wala-mata-anjani-ka-lala/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw